लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1937

29 नवम्बर, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

बुनकर और हथकरघा

1937. डॉ० जयसिद्देश्वर शिवाचार्य स्वामीजी:

क्या **वस्त्र मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पिछले दो वर्षों के दौरान महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में एचएचएस योजना का लाभ लेने वाले लाभार्थियों की संख्या कितनी है;

(ख) महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में महात्मा गांधी बुनकर बीमा योजना के अंतर्गत नामांकित बुनकरों और हथकरघा श्रमिकों की संख्या कितनी है;

(ग) विगत दो वर्षों और चालू वर्ष के दौरान प्राकृतिक मृत्यु आकस्मिक मृत्यु और पूर्ण और आंशिक विकलांगता के मामले में कितने लाभार्थियों को बीमा लाभ प्रदान किया गया है; और

(घ) लाभार्थियों के नाम सहित पूर्ण ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र मंत्री
(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क): वस्त्र मंत्रालय ने एचएचएस के नाम से कोई योजना नहीं है। तथापि, हथकरघा संवर्धन सहायता (एचएसएस) नामक योजना है जिसके तहत हथकरघा बुनकरों को करघे एवं सहायक सामान प्रदान किए जाते हैं। एचएसएस के तहत पिछले दो वर्षों के दौरान 13,119 एचएसएस मदें संवितरित किए जाने सहित 12,983 बुनकर लाभान्वित हुए हैं।

(ख): भारत सरकार हथकरघा बुनकरों/कामगारों के नामांकन के लिए सोलापुर जिले सहित पूरे देश में परिवर्तित महात्मा गांधी बुनकर बीमा योजना (एमजीबीबीवाई) कार्यान्वित कर रही है। एमजीबीबीवाई के तहत पिछले तीन वर्षों के दौरान महाराष्ट्र राज्य में 500 हथकरघा बुनकर/कामगार नामांकित किए गए हैं।

(ग) और (घ): पिछले तीन वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) मे माध्यम से बीमा योजना के अंतर्गत प्राकृतिक/दुर्घटना मृत्यु, पूर्ण एवं आंशिक दिव्यांगता के मामले में लाभान्वित बुनकरों/कामगारों की संख्या इस प्रकार है:-

वर्ष	प्राकृतिक मृत्यु		दुर्घटना मृत्यु	
	संख्या	राशि (लाख रूपये में)	संख्या	राशि (लाख रूपये में)
2017-18	2172	1303.20	54	40.50
2018-19	1023	728.60	0	0
2019-20 (31.10.2019 तक)	337	406.40	0	0

लाभार्थियों का ब्यौरा भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा रखा जाता है।

*****